/font>

Title: Regarding false propaganda against the Prime Minister in the election campaigns of Madhya Pradesh.

**श्री सुरेश रामराव जाधव (परमनी) :** अध्यक्ष जी, मध्य प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं ने माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर गोमांस खाने का असत्य आरोप लगाया है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के लोगों द्वारा कहा गया है कि " गाय हमारी माता है, अटल बिहारी खाता है" । इस तरह का असत्य आरोप माननीय प्रधान मंत्री जी पर लगाया गया है। माननीय अटल जी हमारे सदन के ही नहीं वरन् पूरे देश के सर्वमान्य नेता हैं और इस तरह का असत्य आरोप देश में लॉ एंड आर्डर की स्थिति को खतरे में डाल सकता है। इससे देश की जनता की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। मैं कांग्रेस के नेताओं से अपील करना चाहता हूं कि वे अपने इस झूठे प्रचार के लिए माफी मांगे और जिन लोगों ने ऐसी बातें कही हैं उनके खिलाफ कार्यवाही हो।